CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

CBSE 2026-27

हिंदी पाठ्यक्रम 'अ' (Hindi Course A)

Subject Code: 002 | कक्षा दसवीं (Class X)

Solutions

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – सेट 5

समय: 3 घंटे **अधिकतम अंक: 80**

सामान्य निर्देश

1. इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है — क, ख, ग और घ।
3. खंड – क में अपठित बोध पर आधारित कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
4. खंड – ख में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड – ग में पाठ्यपुस्तक (क्षितिज भाग-2) और पूरक पाठ्यपुस्तक (कृतिका भाग-2) पर आधारित कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है। प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं।
6. खंड – घ में रचनात्मक लेखन पर आधारित कुल 4 प्रश्न हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
7. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए तथा शब्द-सीमा का ध्यान रखिए।
8. यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

परीक्षा प्रारूप

खंड	प्रश्न का प्रकार	प्रश्नों की संख्या	प्रति प्रश्न अंक	कुल अंक
क	अपठित बोध — अपठित गद्यांश एवं अपठित काव्यांश (प्रत्येक में 3 बहुविकल्पीय ×1 + 2 लघु उत्तरीय ×2)	2	7	14
ख	व्यावहारिक व्याकरण — वाक्य भेद, वाच्य, पद परिचय, अलंकार (प्रत्येक में 5 में से 4 अति लघु उत्तरीय ×1)	4	4	16
ग	क्षितिज-2 पठित गद्यांश (5 बहुविकल्पीय प्रश्न ×1)	1	5	5
ग	क्षितिज-2 गद्य खंड — लघु उत्तरीय (4 में से 3 ×2; 25-30 शब्द)	1	6	6
ग	क्षितिज-2 पठित काव्यांश (5 बहुविकल्पीय प्रश्न ×1)	1	5	5
ग	क्षितिज-2 काव्य खंड — लघु उत्तरीय (4 में से 3 ×2; 25-30 शब्द)	1	6	6
ग	कृतिका-2 — दीर्घ उत्तरीय (3 में से 2 ×4; 50-60 शब्द)	1	8	8
घ	अनुच्छेद लेखन (3 में से 1; लगभग 120 शब्द)	1	6	6
घ	पत्र लेखन — औपचारिक/अनौपचारिक (2 में से 1; लगभग 100 शब्द)	1	5	5
घ	स्ववृत्त अथवा ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्द)	1	5	5
घ	विज्ञापन अथवा संदेश लेखन (लगभग 40 शब्द)	1	4	4
	योग	**15**		**80**

इकाई-वार अंक भार

इकाई	इकाई का नाम	अध्याय / विषय	अंक
क	अपठित बोध	अपठित गद्यांश (7), अपठित काव्यांश (7)	14
ख	व्यावहारिक व्याकरण	रचना के आधार पर वाक्य भेद (4), वाच्य (4), पद परिचय (4), अलंकार (4)	16

इकाई	इकाई का नाम	अध्याय / विषय	अंक
ग	पाठ्यपुस्तक — क्षितिज भाग-2 (गद्य खंड)	नेताजी का चश्मा, बालगोबिन भगत, लखनवी अंदाज़, एक कहानी यह भी, नौबतखाने में इबादत, संस्कृति	11
ग	पाठ्यपुस्तक — क्षितिज भाग-2 (काव्य खंड)	सूरदास के पद, राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद, आत्मकथ्य, उत्साह व अट नहीं रही है, यह दंतुरित मुसकान व फसल, संगतकार	11
ग	पूरक पाठ्यपुस्तक — कृतिका भाग-2	माता का अँचल, साना-साना हाथ जोड़ि, मैं क्यों लिखता हूँ?	8
घ	रचनात्मक लेखन	अनुच्छेद (6), पत्र (5), स्ववृत्त/ई-मेल (5), विज्ञापन/संदेश (4)	20
	योग		**80**

खंड – क

अपठित बोध (14 अंक) — प्रश्न 1 और 2

Q1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

आज विश्व के कई देशों में अदरक वाली भारतीय चाय का चस्का लोगों को ऐसा लग गया है कि वहाँ हर कोई भारतीय चाय का शौकीन हो गया है। इसके अलावा भारत में कुल्हड़ वाली चाय भी काफी लोकप्रिय है। मिट्टी के कुल्हड़ में परोसी गई चाय का अपना विशेष महत्त्व है क्योंकि इसकी सौंधी खुशबू और लाजवाब स्वाद को इसके बिना अनुभव नहीं कर सकते हैं। भारत की सिफारिश पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस घोषित किया है। भारत ने मिलान में हुई अंतर्राष्ट्रीय खाद्य और कृषि संगठन की बैठक में यह प्रस्ताव पेश किया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपनी अधिसूचना में कहा कि हम विश्व की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में चाय के योगदान को लेकर दुनिया को जागरूक करना चाहते हैं, ताकि वर्ष 2030 के सतत विकास से जुड़े लक्ष्यों को पूरा किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र को विश्वास है कि 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस घोषित करने से इसके उत्पादन और खपत बढ़ाने में मदद मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में चाय के लंबे इतिहास और गहरे सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन का लक्ष्य चाय के स्थायी उत्पादन और खपत के पक्ष में गतिविधियों को लागू करने के लिए सामूहिक कार्यों को बढ़ावा देना और भूख और गरीबी से लड़ने में इसके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने चाय के औषधीय गुणों के साथ सांस्कृतिक महत्त्व को भी मान्यता दी है।
विश्व में चाय के प्रमुख उत्पादकों में एशिया, अफ्रीका, दक्षिणी अमेरिका शामिल हैं। जबकि विश्व के चार बड़े उत्पादक देशों में क्रमशः चीन, भारत, कीनिया और श्रीलंका शामिल हैं। विश्व के कुल चाय उत्पादन में इन देशों की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत है। भारत विश्व में चाय उत्पादन का एक बड़ा केंद्र है। भारत में चाय का उत्पादन करने वाले राज्यों में असम, पश्चिमी बंगाल, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु शामिल हैं। असम भारत का सर्वाधिक चाय उत्पादन करने वाला राज्य है। भारत में लगभग 13 हज़ार चाय बागान हैं, जो 60 लाख से अधिक श्रमिकों की आजीविका का प्रमुख साधन भी हैं। चाय एक श्रम आधारित उद्योग है इसलिए भारत जैसे देश में इसके विकास की अपार संभावनाएँ हैं। चाय की चुनाई के लिए अधिक मात्रा में श्रमिकों की आवश्यकता पड़ती है, क्योंकि चाय की पत्तियाँ एक-एक कर तोड़ी जाती हैं, जिनसे कोमल पत्तियाँ नष्ट न हों। अपनी कोमल अंगुलियों के कारण ही चाय के उद्यानों में स्त्री मज़दूर द्वारा पत्तियाँ तोड़ी जाती हैं। चाय की पत्ती तोड़ने के काम के लिए श्रमिकों को पूरे दिन खड़े रहना पड़ता है – चाहे वह चिलचिलाती धूप में हो या बारिश में। वे आम तौर पर उस हिस्से तक पहुँचने के लिए चार से पाँच किलोमीटर पैदल चलते हैं जहाँ वे चाय की पत्तियाँ चुनते हैं।

(i) **अभिकथन (A):** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस' घोषित किया है।
कारण (R): विश्व की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में चाय की अहमियत को समझाना। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(ii) भारत में कुल्हड़ वाली चाय काफी लोकप्रिय है क्योंकि – कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : I. सौंधी खुशबू होती है। II. लाजवाब स्वाद होता है। III. बहुत मँहगी होती है। IV. आसानी से उपलब्ध है। **[1]**

(a) कथन I और II सही हैं
(b) कथन I, III और IV सही हैं
(c) केवल कथन III सही है
(d) कथन I, II और IV सही हैं

(iii) निम्नलिखित कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए। कॉलम 1: I. विश्व में चाय का सबसे बड़ा उत्पादक देश II. भारत में चाय का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य III. विश्व में चाय का दूसरा बड़ा उत्पादक देश। कॉलम 2: 1 – भारत 2 – चीन 3 – असम **[1]**

(a) I (1) II (2) III (3)
(b) I (2) II (3) III (1)
(c) I (3) II (1) III (2)
(d) I (1) II (3) III (2)

(iv) चाय के उत्पादन और खपत बढ़ाने में 'अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस' की क्या भूमिका है? **[2]**

(v) चाय को 'श्रम आधारित उद्योग' क्यों कहा गया है? **[2]**

Q2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

अर्जुन ! देखो, किस तरह कर्ण सारी सेना पर टूट रहा,
किस तरह पांडवों का पौरुष होकर अशंक वह लूट रहा,
देखो जिस तरफ़, उधर उसके ही बाण दिखायी पड़ते हैं,
बस, जिधर सुनो, केवल उसके हुंकार सुनायी पड़ते हैं।

कैसी करालता! क्या लाघव! कितना पौरुष! कैसा प्रहार!
किस गौरव से यह वीर द्विरद कर रहा समर-वन में विहार!
व्यूहों पर व्यूह फटे जाते, संग्राम उजड़ता जाता है,
ऐसी तो नहीं कमल वन में भी कुंजर धूम मचाता है।

इस पुरुष-सिंह का समर देख मेरे तो हुए निहाल नयन,
कुछ बुरा न मानो, कहता हूँ, मैं आज एक चिर-गूढ़ वचन।
कर्ण के साथ तेरा बल भी मैं खूब जानता आया हूँ,
मन-ही-मन तुझसे बड़ा वीर, पर इसे मानता आया हूँ।

औ' देख चरम वीरता आज तो यही सोचता हूँ मन में,
है भी कोई, जो जीत सके, इस अतुल धनुर्धर को रण में?

(i) इस काव्यांश में कौन किसकी प्रशंसा कर रहा है? **[1]**

(a) कृष्ण अर्जुन की (b) कृष्ण कर्ण की (c) कर्ण कृष्ण की (d) अर्जुन कर्ण की

(ii) कर्ण के युद्ध-कौशल की प्रशंसा में कवि ने क्या कहा है? (I) पांडव सेना के पुरुषार्थ को चुनौती दे रहा था। (II) पांडव सेना ने उसे चारों ओर से घेर लिया था। (III) समर क्षेत्र में केवल उसके बाण दिखाई दे रहे थे। (IV) समर क्षेत्र में केवल उसकी हुंकार सुनाई दे रही थी। **[1]**

(a) कथन I और II सही हैं। (b) कथन I, II और IV सही हैं।
(c) केवल कथन III सही है। (d) कथन I, III और IV सही हैं।

(iii) कविता में 'अतुल धनुर्धर' किसे कहा गया है? **[1]**

(a) अर्जुन को (b) कर्ण को (c) भीम को (d) श्रीकृष्ण को

(iv) 'कर्ण के साथ तेरा बल भी मैं खूब जानता आया हूँ' — इस पंक्ति के आधार पर कृष्ण के मन की बात लिखिए। **[2]**

(v) कर्ण ने पांडव सेना पर किस प्रकार प्रहार किया है? काव्यांश के आधार पर लिखिए। **[2]**

खंड – ख

व्यावहारिक व्याकरण (16 अंक) — प्रश्न 3 से 6; प्रत्येक प्रश्न के पाँच में से किन्हीं चार उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए

Q3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) जब बाबू जी हमारी ओर देखते, तब हम कुछ लजाकर और मुस्कुराकर आइना नीचे रख देते। (रेखांकित उपवाक्य 'जब बाबू जी हमारी ओर देखते' का भेद लिखिए) **[1]**

(ii) सबसे बड़ी बात है कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा नायाब हीरा रहा है। (रेखांकित उपवाक्य 'काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा नायाब हीरा रहा है' का भेद लिखिए) **[1]**

(iii) रीड नरकट से बनाई जाती है जो डुमराँव में मुख्यतः सोन नदी के किनारों पर पाई जाती है। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए) **[1]**

(iv) जब वह आटे की गोलियाँ मछलियों को खिलाते तब हम हँसा करते थे। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए) **[1]**

(v) एक बच्चा रेलवे प्लेटफ़ॉर्म पर सहमा हुआ बैठा था। (मिश्र वाक्य में बदलिए) **[1]**

Q4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) बच्चों द्वारा नेताजी को चश्मा पहनाया गया। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) **[1]**

(ii) नवाब साहब द्वारा जेब से चाकू निकाला गया और खीरे छिलने शुरू कर दिए गए। (कर्तृवाच्य में बदलिए) **[1]**

(iii) राधिका से दौड़ा नहीं गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) **[1]**

(iv) चलो, चलें। (भाववाच्य में बदलिए) **[1]**

(v) मज़दूरों ने एक साल में यह पुल तैयार किया। (कर्मवाच्य में बदलिए) **[1]**

Q5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'शुक्ल पक्ष में चाँद निरंतर बढ़ता है।' (रेखांकित पद: बढ़ता है) **[1]**

(ii) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'उनकी अँगुलियाँ खँजड़ी पर लगातार चल रहीं थीं।' (रेखांकित पद: लगातार) **[1]**

(iii) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'शाबाश! तुमने कितना अच्छा कार्य किया।' (रेखांकित पद: शाबाश) **[1]**

(iv) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'वह किताब पढ़ रही है।' (रेखांकित पद: पढ़ रही है) **[1]**

(v) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'मैं अक्सर बाग में घूमता हूँ।' (रेखांकित पद: अक्सर) **[1]**

Q6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **[1×4=4]**

(i) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'प्रीति-नदी में पाउँ न बोरयौ।' **[1]**

(ii) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।' **[1]**

(iii) निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'सूर्य मानो आग का गोला हो।' **[1]**

(iv) निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'हवा की गति से भी तेज़ वह दौड़ा।' **[1]**

(v) निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'हवा सिसक-सिसक कर रो रही थी।' **[1]**

खंड – ग

पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक (30 अंक) — प्रश्न 7 से 11

Q7. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

काशी आज भी संगीत के स्वर पर जगती और उसी की थापों पर सोती है। काशी में मरण भी मंगल माना गया है। काशी आनंदकानन है। सबसे बड़ी बात है कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा लय और सुर की तमीज़ सिखाने बाला नायाब हीरा रहा है जो हमेशा से दो कौमों को एक होने व आपस में भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता रहा। भारतरत्न से लेकर इस देश के ढेरों विश्वविद्यालयों की मानद उपाधियों से अलंकृत व संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार एवं पद्मविभूषण जैसे सम्मानों से नहीं, बल्कि अपनी अजेय संगीतयात्रा के लिए बिस्मिल्ला खाँ साहब भविष्य में हमेशा संगीत के नायक बने रहेंगे। नब्बे वर्ष की भरी-पूरी उम्र, 21 अगस्त, 2006 को संगीत रसिकों की हार्दिक सभा से विदा हुए खाँ साहब की सबसे बड़ी देन हमें यही है कि पूरे अस्सी बरस उन्होंने संगीत को संपूर्णता के एकाधिकार से सीखने की जिजीविषा को अपने भीतर जिंदा रखा।

(i) 'काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा लय और सुर की तमीज़ सिखाने वाला हीरा है।' वाक्य में प्रयुक्त 'सुर की तमीज़' से आशय है – **[1]**

(a) सुर की समझ (b) सुर की प्रेरणा (c) सुर से लगाव (d) सुर का रियाज़

(ii) बिस्मिल्ला खाँ ने किस भावना को प्रोत्साहित किया? **[1]**

(a) परिश्रम और लगन (b) धार्मिक आस्था
(c) कौमी एकता और भाईचारा (d) उत्साह एवं उमंग

(iii) गद्यांश में काशी को किस रूप में प्रस्तुत किया गया है? **[1]**

(a) शिक्षा का केंद्र (b) आनंदकानन
(c) तपस्वियों की नगरी (d) संस्कृत नगरी

(iv) **अभिकथन (A):** बिस्मिल्ला खाँ हमेशा संगीत के नायक बने रहेंगे।
कारण (R): उनकी संगीत यात्रा अजेय थी। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(v) गद्यांश में काशी के लिए कौन-से कथन सही हैं? I. काशी में संगीत का बड़ा महात्म्य है। II. काशी में मृत्यु को भी मंगल माना गया है। III. काशी में रहने वाले शहनाई बजाते हैं। IV. काशी संगीत के स्वरों पर जागती और सोती है। **[1]**

(a) कथन I और II सही हैं। (b) कथन I, II और IV सही हैं।
(c) कथन I, II और III सही हैं। (d) कथन II, III और IV सही हैं।

Q8. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : **[2×3=6]**

(i) 'आज का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के समान सुसंस्कृत नहीं है।' 'संस्कृति' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने ऐसा क्यों कहा? **[2]**

(ii) लेखिका मन्नू भंडारी ने अपनी माँ की तुलना धरती से क्यों की है? 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (लगभग 25-30 शब्दों में) **[2]**

(iii) बालगोबिन भगत ने महिलाओं की सामाजिक स्थिति सुधारने के लिए क्या किया? **[2]**

(iv) यदि लेखक ने खीरा खा लिया होता तो क्या नवाब साहब भी खीरा खा लेते? 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर तर्क सहित स्पष्ट कीजिए। **[2]**

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना॥
भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कछु कहहु सहउँ रिस रोकी॥
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरें कुल इन्ह पर न सुराई॥
बधें पापु अपकीरति हारें। मारतहूँ पा परिअ तुम्हारें॥
कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। ब्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा॥
जो बिलोकि अनुचित कहेउँ छमहु महामुनि धीर।
सुनि सरोष भृगुबंसमनि बोले गिरा गभीर॥

(i) 'सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरें कुल इन्ह पर न सुराई' में 'महिसुर' का अर्थ है : **[1]**

(a) राजा (b) ब्राह्मण (c) देवता (d) सैनिक

(ii) 'बधें पापु अपकीरति हारें। मारतहूँ पा परिअ तुम्हारें' – लक्ष्मण का आशय है : **[1]**

(a) वे परशुराम को अवश्य मारेंगे
(b) परशुराम को पाप से बचना चाहिए
(c) परशुराम को जनक से क्षमा माँगनी चाहिए
(d) ब्राह्मण को मारने पर पाप और हारने पर अपकीर्ति मिलती है, इसलिए आपके पैर ही पड़ना ठीक है

(iii) 'कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा' – इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? **[1]**

(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा (c) उपमा (d) मानवीकरण

(iv) लक्ष्मण ने परशुराम के प्रति अपना क्रोध क्यों रोक रखा था? **[1]**

(a) क्योंकि वे उनसे डर गए थे
(b) क्योंकि वे उन्हें जनेऊ पहने भृगुवंशी ब्राह्मण समझते थे
(c) क्योंकि राम ने मना किया था
(d) क्योंकि वे शस्त्रहीन थे

(v) 'सुनि सरोष भृगुबंसमनि बोले गिरा गभीर' में 'सरोष' का तात्पर्य है : **[1]**

(a) क्रोध सहित (b) संतोष सहित (c) भय सहित (d) हर्ष सहित

Q10. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : **[2×3=6]**

(i) 'चिर प्रवासी मैं इतर, मैं अन्य!' कवि ने स्वयं को 'चिर प्रवासी', 'इतर' और 'अन्य' क्यों कहा है? 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर लिखिए। **[2]**

(ii) गोपियों ने श्रीकृष्ण के प्रति अपने एकनिष्ठ प्रेम को किन उदाहरणों के द्वारा स्पष्ट किया है? **[2]**

(iii) "और यह कि फिर से गाया जा सकता है गाया जा चुका राग" - यह पंक्ति संगतकार के स्वर में किस भावना और विश्वास को व्यक्त करती है? **[2]**

(iv) आपके पाठ्यक्रम में पढ़ी गई किस कविता में फागुन के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन किया गया है? उसे अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए। **[2]**

Q11. पूरक पाठ्यपुस्तक 'कृतिका भाग-2' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : **[4×2=8]**

(i) पिता द्वारा भोलानाथ को खाना खिलाने के बाद भी उसकी माँ उसे खाना खिलाती थी, क्यों ? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। **[4]**

(ii) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ती मानवीय गतिविधियों के किन दुष्प्रभावों का उल्लेख किया गया है ? स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) **[4]**

(iii) हिरोशिमा जाने पर लेखक को क्या महसूस हुआ ? हिरोशिमा की घटना पूरी मानव जाति के लिए एक सबक के समान क्यों है ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) **[4]**

खंड – घ

रचनात्मक लेखन (20 अंक) — प्रश्न 12 से 15

Q12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **[6]**

(i) 'प्रगति पथ पर अग्रसर भारत' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • भारत की उपलब्धियाँ • अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान • देश की प्रगति के लिए हमारे कर्तव्य

(ii) 'सड़क सुरक्षा : जीवन रक्षा' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • सड़क सुरक्षा के प्रमुख नियम • नियमों की अनदेखी से हानियाँ • इन्हें अपनाने के लाभ

(iii) 'सोशल मीडिया : जागरूकता आवश्यक' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • वर्तमान स्थिति • जागरूकता की आवश्यकता क्यों • प्रभाव

Q13. आप अनुपमा/अनुपम हैं। आपके क्षेत्र को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली सड़क पर लाइटें ख़राब हो गई हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। इस ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **[5]**

अथवा

आप आनंदी/आनंद हैं। छोटे-मोटे रोगों के लिए आपकी दादी माँ द्वारा बताए गए घरेलू नुस्खों को संकलित करके आपने एक पुस्तक बनाई है, जिसका नाम आपने 'दादी माँ के घरेलू नुस्खे' रखा है। पुस्तक के प्रकाशन के अवसर पर अपनी दादी माँ को आमंत्रित करते हुए उन्हें लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **[5]**

Q14. आप प्रेरणा/प्रेरक हैं। आपने हिन्दी विषय में एम.ए. किया है साथ ही आपके पास बी.एड. की डिग्री भी है। आपके शहर के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में हिन्दी विषय के स्नातक शिक्षकों के कुछ पद रिक्त हैं। आपको उस पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए लगभग 80 शब्दों में अपना एक स्ववृत्त लेख तैयार कीजिए। **[5]**

अथवा

आप प्रेरणा/प्रेरक हैं। आपके क्षेत्र में सफ़ाई व्यवस्था चरमराई हुई है। सफ़ाई कर्मचारी अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। नगर निगम अधिकारी को इससे अवगत कराते हुए लगभग 80 शब्दों में ई-मेल कीजिए। **[5]**

Q15. (क) सौर ऊर्जा के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में विद्युत मंत्रालय की ओर से तैयार कीजिए। **[4]**

अथवा

(ख) आपके हिन्दी शिक्षक/शिक्षिका का नया 'काव्य संग्रह' प्रकाशित हुआ है। उन्हें इस अवसर पर बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए। **[4]**

*** * * END OF PAPER * * ***